चौथा संसार 02
गुरुवार 24 सितंबर 2015

इंटरनेट के इस्तेमाल में छोटी सी गलती बड़ी परेशानी-वरुण कपूर

डीएविवि के पत्रकारिता विभाग में सायबर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित



इंदौर। इंटरनेट हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। इसका उपयोग करके हम अपने सारे काम करते है साथ की कई प्रकार की जानकारियों को हासिल करते है लेकिन इसके संचालन में हमारी जरासी लापरवाही नुकसान दे सकती है। ये विचार पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के आईजी वरुण कपूर ने डीएविवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार शाला में आयोजित सायबर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत कही।

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल, इंदौर के पुलिस महानिरीक्षक वरूण कपूर द्वारा चलाये जा रहे सहयोग अभियान की 121 वीं कार्यशाला का आयोजन पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में किया गया। इस कार्यशाला में उक्त संस्थान के 110 छात्र-छात्राओं एवं 08 फेकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर आईजी कपूर द्वारा इस अवसर पर मीडिया के क्षेत्र में कार्य करने वाले सदस्यों को वर्तमान में घटित होने वाले सायबर अपराधों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि चाहे मीडिया का क्षेत्र हो, चाहे बैंकिंग, शेअर ट्रेडिंग आदि का क्षेत्र हो सभी जगह आधुनिक टेक्नॉलॉजी का उपयोग हो रहा है, इंटरनेट के माध्यम से सभी कार्यों को संपादित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में छोटी सी गल्ती से भी व्यक्तिगत अथवा संस्थागत नुक्सान हो सकता है । इन सबसे बचने का मूल मंत्र है: जागरूकता । मीडिया के क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मियों को आधुनिक संचार उपकरणों का उपयोग दैनिक कार्य में सतत करना होता है । ऐसे में सभी कर्मियों को इंफार्मेशन टेक्नॉलॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना नितांत आवश्यक है । क्योंकि जब नागरिकों को जानकारी होगी तो ही वे गल्ती करने से बचेंगे । श्री कपूर ने आगे संबोधित करते हुए बताया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम जीने के लिये सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया में भी सायबर के शिकार होने से बचना चाहिये । इस अवसर पर बचाव के तरीके एवं तकनीक उपस्थितजनों को बताई गई । संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी कपूर द्वारा बहुत ही सहजता से देकर उनसे सीधा संवाद स्थापित किया गया ।